दिन–शुक्रवार दिनांक– 21/06/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

देशभर में आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का विषय है – स्वयं और समाज के लिए योग। इस अवसर पर मुख्य समारोह श्रीनगर के शेर–ए–कश्मीर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में आयोजित किया गया, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समारोह का नेतृत्व किया। इस अवसर पर सात हजार से अधिक लोगों ने प्रधानमंत्री के साथ सामूहिक योगाभ्यास किया। बाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुये श्री मोदी ने कहा कि दुनिया भर में योग अपनाने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है और इसकी उपयोगिता को भी लोग पहचान रहे हैं। प्रधानमंत्री ने यूरोप में योग की स्वीकार्यता की जानकारी देते हुए कहा कि अब तक डेढ करोड़ जर्मन नागरिक योग अभ्यास कर चुके हैं। श्री मोदी ने कहा कि योग आज शोध का विषय बन गया है और कई शोध पत्र पहले ही प्रकाशित हो चुके हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया योग को वैश्विक कल्याण के एक शक्तिशाली तंत्र के रूप में देख रही है।

———————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने वैश्विक समुदाय विशेषकर देशवासियों को दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि योग मानवता को भारत का अनूठा उपहार है। उन्होंने कहा कि जीवन शैली से जुड़ी बढ़ती समस्याओं को देखते हुए योग आज और अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। राष्ट्रपति मुर्मू ने लोगों से योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आग्रह किया।

———————————————————————

प्रदेश में योग दिवस पर कई कार्यक्रम और योग सत्रों का आयोजन किया गया। हमारे संवाददाताओं ने बताया कि पंचायत और गांव स्तर पर भी योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किये गये। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर के नेतृत्व में राजभवन परिसर में कर्मियों और अधिकारियों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर विश्व योग दिवस को यादगार बनाया। केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने समस्तीपुर ज़िले के सरायरंजन में योग कार्यक्रम में हिस्सा लिया। मुंगेर स्थित बिहार योग विद्यालय में इस अवसर पर योगाभ्यास के विशेष सत्र आयोजित किये गये। दानापुर स्थित बिहार

रेजिमेंटल सेंटर में सेना के जवानों, अग्निवीरों और अधिकारियों समेत आम लोगों ने सामूहिक योग कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट कर्नल विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से यहां पर योगाभ्यास किया जा रहा है। आकाशवाणी पटना के परिसर में भी योग सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया।

इधर, आयुष मंत्रालय की ओर से राजधानी पटना के कंकड़बाग स्थित, पाटलिपुत्र खेल परिसर में योग समारोह का आयोजन किया गया। यहां उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय और सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार समेत कई गणमान्य लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लोगों से योग को अपनी नियमित दिनचर्या में शामिल करने की अपील की। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि ये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों का परिणाम है, जिसकी बदौलत पूरी दुनिया ने योग को अपनाया है।

———————————————————————

आकाशवाणी समाचार को भारत में सबसे भरोसेमंद समाचार ब्रांडों में से एक माना गया है। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के रॉयटर्स इंस्टीट्यूट फॉर द स्टडी ऑफ जर्नलिज्म, के हाल ही में कराए गए एक सर्वेक्षण में, देश के मीडिया जगत में आकाशवाणी समाचार की श्रेष्ठता की पुष्टि की गई है। डिजिटल न्यूज़ रिपोर्ट दो हजार चौबीस के हिस्से के रूप में जारी, इस वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार आकाशवाणी समाचार विश्वसनीयता के पैमाने पर देश के अन्य प्रमुख मीडिया संस्थानों की तुलना में काफी आगे है। प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर कहा कि यह सभी परिस्थितियों में सच्ची और प्रमाणित खबरें प्रसारित करने की आकाशवाणी समाचार की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

———————————————————————

प्रदेश में मॉनसून ने दस्तक दे दी है। मौसम विभाग के अनुसार अभी मॉनसून की रेखा भागलपुर और रक्सौल के रास्ते गुजर रही है। इस बार मॉनसून का आगमन निर्धारित समय से लगभग एक सप्ताह देरी से हुआ है। विभाग के अनुसार मॉनसून किशनगंज और पूर्णियां के रास्ते बिहार पहुंचा और पहले ही दिन चौदह जिलों में इसका प्रसार हो चुका है। अगले दो से तीन दिनों में मॉनसून के राज्य के हर हिस्से में पहुंचने की संभावना है। मॉनसून के प्रवेश करते ही राज्य के उत्तर–पूर्वी हिस्सों में भारी बारिश दर्ज की गयी है। पूर्णियां के ढेंगराघाट में सबसे अधिक एक सौ छब्बीस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। इधर, मौसम विभाग ने रोहतास और औरंगाबाद

जिले के कुछ भागों में अगले एक से दो घंटों के दौरान तेज हवा के साथ बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।